BELIEVERS EASTERN CHURCH
Office of the Metropolitan, Synod Secretariat, St. Thomas Community, Thiruvalla, Kerala, India.

चरवाहे का पत्र

March/April 2024

सभी आर्चबिशप्स और बिशपगण, याजक, डीकन फॉदर, ईवैन्जलिस्ट, ऑर्डर ऑफ सिस्टर्स एवं विश्वव्यापी बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के सभी विश्वासियों को पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में आशिषें और शुभकामनाएँ। आमीन!✠

मसीह में मेरे प्रियों,

मसीह जी उठा है; सचमुच वह जी उठा है!

एक कलीसिया के रूप में, हमने महान लेंट का समय और ईस्टर पर्व को मनाया, और मुझे आशा है कि यह हम सभी के लिए मसीह के साथ हमारे चलने में उसके निकट आने का एक अद्भुत अनुभव रहा है। होने दे कि पश्चाताप की आत्मा और मसीह के पुनरुत्थान की घोषणा करने का आनंद नित्य हमारे जीवन का हिस्सा बना रहे!

कृपया याद रखें कि पृथ्वी पर हमारे रहने के दौरान, हम मसीह के समान अधिकाधिक होने के लिए एक यात्रा पर निकले हैं। यह कलीसिया के माध्यम से ही हमें एक सांस्कारिक जीवन मिला है, और यह हमारे जीवन की शैली बन जाती है जब हम चर्च के कैलेंडर और कलीसिया के विश्वास और पवित्र परम्पराओं का पालन करते हैं।

हमारे घरों को 'छोटी कलीसियाएं' कही जाती है, क्योंकि यह घर ही है जहां हमारा विश्वास का वास्तव में अभ्यास किया जाता है और आने वाली पीढ़ी को सिखाया जाता है। लेकिन हम अपने बच्चों, अपने पोतों, और पड़ोसियों को यह जीवित विश्वास कैसे सिखाएं? इसे करने के लिए मैं आपको एक बहुत बढ़िया तरीका बताना चाहता हूं। हाल ही में, हमारी कलीसिया ने एक छोटी पुस्तिका - 'पारिवारिक प्रार्थना लिटर्जी' प्रकाशित की है। यह हमें व्यावहारिक रूप से बताती है कि एक परिवार के रूप में एक साथ क्या प्रार्थना करनी है और प्रार्थना कैसे करनी है। यह हमें प्रार्थना वेदी की स्थापना के लिए व्यावहारिक दिशा-निर्देश भी देती है। इसे सभी भाषाओं में अनुवाद और मुद्रण किया जा रहा है, और आपका याजक आप सभी के लिए एक पुस्तिका प्राप्त करने में आपकी सहायता करेंगे। जैसे ही आप कलीसिया द्वारा दिखाए गए नमूना में प्रार्थना का अभ्यास करेंगे, परमेश्वर न केवल आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर देंगे, बल्कि आपके परिवार को आपके पड़ोस में अन्य परिवारों के लिए एक आशिष का कारण बनाएंगे।

अगली पीढ़ी को विश्वास सिखाने का एक और बड़ा अवसर 'बाल दिवस शिविर' है जिसका आयोजन दुनिया भर में हमारे कलीसिया द्वारा किया जा रहा है। मुझे यकीन है कि आपको अपने डायोसिस से इसके लिए आवश्यक सभी दिशा-निर्देश प्राप्त हुए होंगे। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अपने स्थानीय कलीसिया के बच्चों के लिए एक यादगार और मनोरंजक अनुभव बनाएं। अन्य बच्चों

को भी आमंत्रित करना सुनिश्चित करें, क्योंकि ये पाठ हमारे बच्चों में बचपन से ही सकारात्मक मूल्यों को विकसित करने में मदद करेगी।

युवा हमारी कलीसिया और हमारे देश के भविष्य हैं। यह केवल हमारे युवाओं को विश्वास और परमेश्वर के रास्ते में मज़बूत आधार के साथ आगे बढ़ने में मार्गदर्शन करने के द्वारा ही वे कलीसिया के प्रति निष्ठावान बने रहेंगे, मसीह और उसकी कलीसिया को जहां भी प्रतिनिधित्व करेंगे, और अपने जीवन को पवित्र कलीसिया की सेवा करने के लिए समर्पित करने को तैयार होंगे। और मेरे पास उनके लिए कुछ उत्साहजनक खबर हैं! हमारी कलीसिया का युवा विभाग अक्टूबर 9 – 13 तारीक तक पवित्र सिनॅड मुख्यालय में एक बड़ा युवा सम्मेलन का आयोजन कर रही है। जिसमें दुनिया भर के हमारे कलीसियाओं के प्रतिनिधियों होंगे, यह उनके जीवन में संगति, प्रोत्साहन और नवीकरण का एक अद्भुत समय होगा। कृपया इसके लिए नियमित रूप से प्रार्थना करें, और उन युवाओं के लिए प्रार्थना करें जो इस सभा का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

मेरे प्रिय विश्वासीगण, कलीसिया के प्रति आप सभी की वफादारी और मसीह, हमारे प्रभु के समान होने के लिए आपकी ललक के लिए मुझे गर्व है। आप सभी के लिए मेरी सबसे बड़ी इच्छा यह है कि हम सभी दूसरों को प्रेम करने के लिए जाने जाएं।

✠पवित्र त्रिएक अपनी दया में निरतंर हमारी अगुआई करता रहे!

मसीह में आपका पिता

अथनेशियस योहान I मेट्रोपॉलिटन

तिथि : 22 अप्रैल 2024
स्थान : पवित्र सिनॅड

निर्देश: कृपया यह सुनिश्चित करें कि यह सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवादित है और विश्वासियों के प्रोत्साहन के लिए सभी स्थानीय कलीसियाओं में पढ़ा जाए।